Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 27-11-2006

Participants : Singh Shri Suraj

>

Title : Need to set up a petrochemical unit in Barauni Refinery, Bihar.

श्री सूरज सिंह (बलिया, बिहार) : महोदय, उत्तर भारत के बिहार प्रांत में आई.ओ.सी.एल की बरौनी रिफाइनरी में पेट्रोकेमिक्ल्स संयंत्र की स्थापना का मामला विगत कई वर्ों से लंबित है। ज्ञात हो कि बरौनी रिफाइनरी से उत्तर भारत के प्रमुख शहरों में पेट्रोलियम पदार्थो की आपूर्ति की जाती है। बरौनी, रिफाइनरी में पेट्रोकेमिकल्स यूनिट की स्थापना का उद्देश्य पूर्व, पूर्वोत्तर तथा उत्तर भारत के राज्यों में पेट्रोकेमिकल्स उत्पादों की आवश्यकता को पूरा करने तथा राज्य के औद्योगिक विकास को नयी दिशा प्रदान करना था। ताकि बरौनी रिफाइनरी की क्षमता विस्तार/आधुनिकीकरण के साथ साथ यह क्षेत्र पेट्रोकेमिकल्स से जुड़कर औद्योगिक विकास के साथ साथ क्षेत्र की पेट्रोकेमिकल्स आवश्यकताओं को सुगमतापूर्वक उपलब्ध करा सके।

बिहार विभाजन के पश्चात शो बिहार का यह एक मात्र औद्योगिक नगरी बेगूसराय जिले में स्थित बरौनी रिफाइनरी में पेट्रोकेमिकल्स स्थापना के लिये सभी आवश्यक तत्व सुगमतापूर्वक उपलब्ध हैं। सरकार ने अन्य रिफाइनरियों में पेट्रोकेमिकल्स यूनिट की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान की है किंतु, बरौनी रिफाइनरी में पेट्रोकेमिकल्स की स्थापना संबंधी मामले पर कोई निर्णय नहीं किया है, जिससे क्षेत्र का विकास अवरूद्ध हो गया है, साथ ही स्थानीय निवासी भी उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से निवेदन है कि बिहार राज्य की औद्योगिक नगरी बेगूसराय जिले के एकमात्र बरौनी रिफाइनरी में पेट्रोकेमिकल्स की स्थापना हेतु तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करेंगे ताकि शो बिहार का पिछड़ापना दूर होने के साथ साथ राज्य में औद्योगिक विकास एवं क्षेत्र का समुचित विकास संभव हो सके।

श्री राज बब्बर (आगरा) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं सदन का वक्त ज़ाया नही करूंगा, लेकिन सदन की गरिमा और सदस्य की सुरक्षा की बात है...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Let me look into it.

श्री राज बब्बर : मैं राम गोपाल यादव जी का बहुत सम्मान करता हूं।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: A very important matter is to be discussed. Please take your seat.

श्री राज बब्बर : क्या शब्द कहे हैं, उनके बारे में मैं कुछ नहीं कहूंगा, लेकिन इतना कहना चाहूंगा...(व्यवधान) बिना कहे हुए घबराइए मत कि मैं क्या कहने जा रहा हूं।...(व्यवधान) मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I have received your letter Mr. Raj Babbar.

Hon. Members, may I have your kind attention?

… (*Interruptions*)

श्री राज बब्बर : अगर यह कहा जाए कि आपकी आवाज़ बंद कर दी जाएगी तो यह गलत बात है।...(व्यवधान) मैं जानता हूं कि वे ऐसे व्यक्ति नहीं हैं लेकिन अगर हमारे अंदर इस तरह की भावना आएगी तो यह बड़ी गलत बात है।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: You have all the rights. Every hon. Member is entitled to full respect.

… (*Interruptions*)

श्री राज बब्बर : एक साथी को यह कहा जाए कि आपने आगरा में रहकर उन्हें ठीक नहीं किया, यह गलत बात है।...(व्यवधान) मैं जानता हूं कि उन्होंने आवेश में कहा है।...(व्यवधान) वे पढ़े-लिखे व्यक्ति हैं, मैं यह भी जानता हूं।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: You have sent me a letter. I will look into it. Let us take up the next item, please.

Hon. Members, the House will now take up discussion under Rule 193.

… (*Interruptions*)

श्री राज बब्बर : मैं उनका सम्मान करता हूं।...(व्यवधान) यह सदन की गरिमा और सदस्य की सुरक्षा का सवाल है।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Every hon. Member is entitled to highest respect and it is my duty to see that you are entitled to respect that is considered. If there is anything, I shall certainly look into it. I have got your letter and will look into it.